बरेली, रविवार
2 मार्च, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4+4=24

# दैनिक जागरण

PAGE NO, IV, BOTTOM

# ठेकेदार इलेवन को हराकर एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी बनी चैंपियन

जागरण संवाददाता, बरेली : श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट में एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी की टीम चैंपियन बनी। रोमांचक मुकाबले में एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी की टीम ने ठेकेदार इलेवन को 30 रन से हराया। विजेता टीम एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी को चैंपियन ट्राफी के साथ एक लाख हजार रुपये और रनरअप ठेकेदार इलेवन की टीम को ट्राफी के साथ 51 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया।



श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को पुरस्कृत करते सीडीओ जग प्रवेश, साथ में एसआरएमएस के संस्थापक चेयरमैन देव मूर्ति, सचिव आदित्य मूर्ति व अन्य • सौ. एसआरएमएस



श्रीराम मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल जीतने वाली टीम ट्राफी के साथ • सौ. एसआरएमएस

**1** लाख का इनाम एसआरएमएस एकेडमी की टीम को विजेता ट्राफी के साथ मिला

**51** हजार का पुरस्कार ठेकेदार इलेवन की टीम को उपविजेता ट्राफी के साथ दिया गया

**222** रन टूर्नामेंट में बनाने वाले सत्यम संगू को चुना गया मैन आफ द सीरीज

एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज स्थित श्रीराम मूर्ति क्रिकेट स्टेडियम में सुबह वर्षा होने से शनिवार दोपहर फाइनल मैच खेला गया। इसमें एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी के कप्तान अनंत भटनागर ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी, लेकिन आठ ओवर में ही टीम के पांच खिलाड़ी 48 रनों पर पवेलियन लौट गए। तब कप्तान अनंत भटनागर (48 रन, 32 गेंद, चार चौके, दो छक्के) और अनंतवीर (84 रन, 43 गेंद, नौ चौके, दो छक्के) ने छठे विकेट के लिए 138 रन की साझेदारी निभाकर टीम को संकट से उबारा। दोनों खिलाड़ियों की बदौलत टीम ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट खोकर 211 रन बनाए। इसमें तुषार ने 16 रन और यश शुक्ला ने 21 रन बनाए। जवाब में ठेकेदार इलेवन की भी शुरुआत अच्छी नहीं रही। पहले ओवर की तीसरी गेंद पर ही गोल्डी मलिक ने सलामी बल्लेबाज सेहरावत को आउट कर दिया। फिर ठेकेदार इलेवन ने संभल कर खेलना जारी रखा और 14 ओवर में तीन विकेट पर 117 रन बना लिए। जीत की ओर बढ़ती ठेकेदार इलेवन को इसी ओवर में अनंतवीर ने सुशील यदुवंशी (64 रन, 40 गेंद, 6 चौके, 3 छक्के) को हितेश कैच करवाया और प्रवीन कुमार को (20 रन, 17 गेंद, एक चौका, एक छक्का) को भी बोल्ड कर दिया। इसके बाद रनों के बढ़ते दबाव में ठेकेदार इलेवन की टीम नौ विकेट पर 19.3 ओवर में 181 रन बनाकर आलआउट हो गई। एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने 30 रन से टूर्नामेंट जीत लिया। एसआरएमएस के गेंदबाज गोल्डी मलिक ने चार ओवर में चार विकेट हासिल किए, जबकि अनंतवीर ने दो और अभिषेक शर्मा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। ठेकेदार इलेवन के दो खिलाड़ी रन आउट हुए। टूर्नामेंट में 222 रन बनाने वाले आइके कलेक्शन एसजी कैंट के खिलाड़ी सत्यम संगू को मैन आफ द सीरीज चुना गया। उन्हें ट्राफी के साथ 5,100 का नकद पुरस्कार मिला, जबकि फाइनल मैच में नाबाद 84 रन बनाने वाले मैन आफ द मैच बने एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी के अनंतवीर को ट्राफी के 1,100 रुपये का पुरस्कार दिया गया। सीडीओ जग प्रवेश, पीएनबी के एजीएम उमेश अग्रवाल, एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति, ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति और इंजीनियरिंग कालेज के प्रिंसिपल डा. प्रभाकर गुप्ता ने विजेता और उप विजेता टीमों के साथ सभी खिलाड़ियों को ट्राफी और पुरस्कार राशि प्रदान की।